संख्या–cm-69
05/02/2019

मुख्यमंत्री के समक्ष ऊर्जा विभाग ने दी प्रस्तुतीकरण

पटना, 05 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष 1, अण्णे मार्ग स्थित 'संकल्प' में ऊर्जा विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत ने ऊर्जा विभाग की योजनाओं से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के समक्ष दिया।

प्रस्तुतीकरण के दौरान कजरा और पीरपैंती सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के विभिन्न बिन्दुओं यथा भूमि अधिग्रहण, बिजली की अनुमानित दर आदि पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को तेज करने के निर्देश दिये ताकि कजरा और पीरपैंती में जल्द से जल्द सोलर पॉवर प्रोजेक्ट का काम हो सके।

प्रस्तुतीकरण में 1320 मेगावाट बक्सर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट एवं तेनूघाट विद्युत निगम लिमिटेड (टी0वी0एन0एल0) पर भी विस्तार से चर्चा की गयी।

प्रस्तुतीकरण के दौरान स्मार्ट प्री–पेड मीटर सिस्टम के बारे में प्रधान सचिव ऊर्जा ने विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्मार्ट प्री–पेड मीटर लग जाने से बिजली की बेवजह खपत रुकेगी और लोगों को बिजली बिल जमा करने की दिक्कतों से मुक्ति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने चर्चा के क्रम में स्मार्ट प्रीपेड मीटर सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिये।

जर्जर तारों को बदलने को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में जर्जर तार को बदलने के लिए तेजी से काम करते रहना है। कहीं भी कोई जर्जर तार न छूटे इसका पूरा ख्याल रखा जाय। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। ऊर्जा विभाग ने योजनाओं के लिए खर्च की जा रही राशि और जरुरत की राशि के लिए भी अपनी बातें रखी।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के परामर्शी श्री अंजनी कुमार सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, विकास आयुक्त श्री सुभाष शर्मा, प्रधान सचिव ऊर्जा श्री प्रत्यय अमृत, प्रधान सचिव वित्त श्री एस0 सिद्धार्थ, प्रधान सचिव उद्योग श्री के0के0 पाठक, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, नार्थ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एम0डी0 श्री आर0 लक्ष्मणन, साउथ पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एम0डी0 श्री संदीप पुद्गल कट्टी, मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव श्री चंद्रशेखर सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

******